भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 5833

सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक)

एनसीएस पोर्टल का मूल्यांकन

5833. **श्री तंगेला उदय श्रीनिवास:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में रोजगार चाहने वालों, नियोक्ताओं और पंजीकृत रिक्तियों की कुल संख्या सहित नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार और आन्ध्र प्रदेश के लिए जिला-वार, विशेषकर काकीनाडा के संदर्भ में ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान उक्त पोर्टल के माध्यम से प्रदान किए गए नियोजनों की संख्या का वर्ष-वार और राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में स्थापित मॉडल करियर केन्द्रों और एनसीएस के साथ एकीकृत रोजगार कार्यालयों का उक्त जिलों सहित राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त पोर्टल की प्रभावशीलता, पारदर्शिता और नौकरी-मिलान दक्षता का आकलन करने के लिए कोई तृतीय पक्ष मूल्यांकन किया है;

(ङ) यदि हां, तो इसके मुख्य निष्कर्ष क्या हैं;

(च) विगत पांच वर्षों के दौरान एनसीएस के रखरखाव, उन्नयन और जागरूकता अभियानों के लिए आवंटित, जारी की गई और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(छ) ग्रामीण और आकांक्षी जिलों में पहुंच बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (छ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल देश भर के सभी हितधारकों को निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान, एनसीएस पोर्टल के माध्यम से 8.10 करोड़ से अधिक रिक्तियां जुटाई गई हैं और दिनांक 28.02.2026 तक देश भर में 4.47 करोड़ से अधिक रोजगार चाहने वाले, 56.17 लाख नियोक्ता एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इसी अवधि के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में, 18.68 लाख से अधिक रोजगार चाहने वाले और 1.80 लाख

नियोक्ता पंजीकृत हैं। आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश भर में पंजीकृत रोजगार चाहने वालों, पंजीकृत नियोक्ताओं और जुटाई गई रिक्तियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx पर देखा जा सकता है।

एनसीएस पोर्टल पर अंतिम भर्ती के आंकड़ों को अधिसूचित करना अनिवार्य नहीं है। हालांकि, पिछले पांच वर्षों के दौरान 28.02.2026 तक देश भर में एनसीएस पोर्टल के माध्यम से 2.16 करोड़ से अधिक अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है।

एनसीएस परियोजना में, अन्य बातों के साथ-साथ, रोजगार सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों/संस्थाओं के सहयोग से आदर्श करियर केन्द्रों (एमसीसी) की स्थापना की भी परिकल्पना की गई है। 28.02.2026 तक, सरकार ने 407 आदर्श करियर केंद्रों को मंजूरी दी है, जिनमें से 30 एमसीसी आंध्र प्रदेश राज्य में (काकीनाडा में एक एमसीसी सहित) अनुमोदित किए गए हैं। एमसीसी के अनुमोदन वर्ष के साथ राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **https://www.ncs.gov.in/User_Manuals/List_of_Model_Career_Centers.pdf** पर देखा जा सकता है। अब तक, 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को (आंध्र प्रदेश सहित) एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है जिनमें से 8 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सीधे एनसीएस पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं।

सरकार प्रत्येक वित्त आयोग की अवधि शुरू होने से पहले सभी योजनाओं और कार्यक्रमों की सुनियोजित समीक्षा और मूल्यांकन करती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे लगातार प्रासंगिक, प्रभावी रहें और बदलती प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठा सकें।

पोर्टल में सुधार एक लगातार और गतिशील प्रक्रिया है। नवीनतम उपलब्ध तकनीक का इस्तेमाल करके परिवर्तन/अद्यतन की योजना, ज़रूरत के हिसाब से और जब भी आवश्यक हो बनाई जाती हैं। एनसीएस पोर्टल के अद्यतनीकरण में विभिन्न जॉब/स्किल पोर्टल्स (सरकारी/निजी) के साथ एकीकरण, बेहतर एआई फीचर्स, क्लाउड बेस्ड वेब एप्लीकेशन (रोजागर चाहने वाले और नियोक्ता दोनों के लिए), मज़बूत सत्यापन तंत्र, बहुभाषी समर्थन आदि शामिल हैं।

इसके अलावा, बजट आवंटन और व्यय योजना के प्रावधानों के अनुसार होता है।

एनसीएस पोर्टल के संबंध में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए एनसीएस पोर्टल पर सेवाओं की उपलब्धता और रिक्तियों के बारे में नियमित रूप से सोशल मीडिया पोस्ट जारी किए जाते हैं। एनसीएस संबंधी नवीनतम विकास और गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एनसीएस मासिक ई-न्यूजलेटर जारी किए जाते हैं। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित आदर्श करियर केंद्र नियमित रूप से हितधारकों के लिए विभिन्न आउटरीच गतिविधि जैसे कार्यशालाएं, जागरूकता/अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन करते हैं।

*****